## मानदेय और बकाया भुगतान की मांग, सीएम के नाम ज्ञापन, कार्य बहिष्कार की चेतावनी

# पैरावेट-पशुमित्रों का प्रदर्शन

**चेतावनी**

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। पशुपालन विभाग के अंतर्गत कार्यरत पैरावेट और पशुमित्रों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह को सौंपते हुए नियमित मासिक मानदेय, लंबित भुगतान, सामाजिक सुरक्षा और सेवा संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो वे विभागीय कार्यों का शांतिपूर्ण बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे उत्तर प्रदेश पैरावेट एवं पशुमित्र संगठन के जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पैरावेट और पशुमित्र कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया और प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वे वर्षों से पशुपालन विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं में पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित मानदेय और अन्य बुनियादी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाया है।

> ज्ञापन में कहा गया कि पैरावेट और पशुमित्र भीषण गर्मी, बारिश और सर्दी जैसी कठिन परिस्थितियों में भी पशुपालकों और पशुधन की सेवा कर रहे हैं। उनके कार्यों में पशु चिकित्सा अधिकारियों के निर्देशन में प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, पशुगणना और गौ आश्रय स्थलों पर विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन शामिल है।









### ये हैं कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

**ज्ञापन में कर्मचारियों ने सरकार से कई महत्वपूर्ण मांगों को तत्काल पूरा करने की अपील की। इनमें प्रमुख रूप से—**

- नियमित मासिक मानदेय की व्यवस्था लागू की जाए।
- लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान किया जाए।
- सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिया जाए।
- सेवा संबंधी सुविधाएं और अधिकार सुनिश्चित किए जाएं।
- वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए।

### नियमित मानदेय और बकाया भुगतान की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने सभी पैरावेट और पशुमित्रों के लिए नियमित मासिक मानदेय लागू करने की मांग की। इसके साथ ही 21वीं पशुगणना, एफएमडी-सीपी (फुट एंड माउथ डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम) के सातवें चरण तथा कृत्रिम गर्भाधान की प्रोत्साहन राशि का लंबित भुगतान शीघ्र जारी करने की भी मांग उठाई। इसके अलावा सभी पैरावेट और पशुमित्रों को दुर्घटना बीमा योजना से जोड़ने तथा मल्टी टास्किंग वर्कर की भर्ती में प्राथमिकता देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई।

### मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा विभागीय कार्यों का बहिष्कार

जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार साहू ने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो जिले के सभी पैरावेट और पशुमित्र विभागीय कार्यों का शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी प्रकार की असुविधा पैदा करना नहीं है।

## हरदोई और संडीला स्टेशनों पर यूआरएमयू की बीसीएम बैठक

### कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का मिला भरोसा

तमसा संकेत, एजेंसी




हरदोई। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन (यूआरएमयू) की बालामऊ/हरदोई शाखा ने सोमवार की सुबह हरदोई और संडीला रेलवे स्टेशन पर एक ब्रांच काउंसिल मीटिंग (बीसीएम) का आयोजन किया। यह बैठक सुबह करीब 11:30 बजे हुई। शाखा सचिव राजीव गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों के रेलवे कर्मचारियों से सीधा संवाद स्थापित करना और उनकी कार्यस्थल से जुड़ी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना था। बैठक में हरदोई और बालामऊ शाखा के लगभग 15 से 20 पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेटिंग, विद्युत, पीडब्ल्यूआई, कमर्शियल तथा सिग्नल एवं टेलीकॉम विभागों के कर्मचारियों से चर्चा की गई। कर्मियों ने ड्यूटी व्यवस्था, कार्यस्थल की सुविधाओं और प्रशासनिक विषयों से जुड़े सुझाव व समस्याएं रखीं। शाखा सचिव राजीव गुप्ता ने सभी मुद्दों पर गंभीरता दिखाते हुए आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की प्रत्येक समस्या का निराकरण निर्धारित प्रक्रियाओं के माध्यम से जल्द से जल्द कराया जाएगा। यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने चरक हॉस्पिटल को कर्मचारियों के लिए हाल ही में इम्पैनल कराए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे रेलवे कर्मचारियों और उनके परिजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

**फास्ट न्यूज**

### 5 साल से बंद विद्युत शवदाह गृह

उन्नाव। सोमवार को DM घनश्याम मीना ने उन्नाव के मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट पर स्थापित विद्युत शवदाह गृह के पांच साल से बंद पड़े होने का संज्ञान लिया। वर्ष 1994 में स्थापित यह शवदाह गृह 2021 में कोरोना काल के बाद से निष्क्रिय है। लाखों रुपये की मशीनें देखरेख के अभाव में खराब हो रही हैं, जिससे लोगों को अंतिम संस्कार के लिए लकड़ियों का उपयोग करना पड़ रहा है।

### रेलवे फाटक में तकनीकी खराबी से लगा लंबा जाम

उन्नाव। उन्नाव में लखनऊ-कानपुर रेल मार्ग पर स्थित सरैया रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार सुबह गेट बूम में तकनीकी खराबी आ गई। सुबह करीब 10 बजे हुई इस खराबी के कारण क्रॉसिंग लंबे समय तक बंद रही, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात व्यवस्था चरमरा गई। उन्नाव से कानपुर और कानपुर से उन्नाव जाने वाले दोपहिया, चारपहिया और मालवाहक वाहन इस जाम में फंस गए। इसी दौरान कानपुर कार्डियोलॉजी जा रही एक मरीज को ले जा रही कार भी जाम में फंस गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### हरदोई मेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने जीता दूसरा स्थान

हरदोई। हरदोई मेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने राज्य स्तरीय फार्माकोलॉजी क्विज में दूसरा स्थान हासिल किया है।
यह उपलब्धि रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली के फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित VigiLearn 2026: Empowering Future Clinicians प्रतियोगिता में मिली।
यह जानकारी मेडिकल कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. शिवम यादव ने सोमवार दोपहर 2 बजे दी है।

## लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर 5 किलोमीटर लंबा जाम, पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

# हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, तेज रफ्तार कार ने सफारी को मारी टक्कर

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। जिले के रामनगर क्षेत्र में सोमवार को लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार दो वाहनों की आमने-सामने टक्कर से बड़ा सड़क हादसा हो गया। केसरीपुर मोड़ स्थित साईं राम ढाबा के पास हुई इस दुर्घटना में महिला, बच्चों और युवकों समेत कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को अस्पताल भेजवाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात को सुचारु कराया। जानकारी के अनुसार, यूपी-78 बीजेड-1243 नंबर की सफारी गाड़ी लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास से लौट रही थी। वाहन में विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले तीन महिलाएं, तीन छोटे बच्चे और दो



युवक समेत कुल आठ लोग सवार थे। जब वाहन रामनगर क्षेत्र के केसरीपुर मोड़ स्थित साईं राम ढाबा के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही यूपी-43 बीएस-3031 नंबर की एक्स्टर कार अचानक अनियंत्रित होकर सफारी से भिड़ गई। दुर्घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। हादसे में ज्योति मिश्रा, हेतलाल गोस्वामी, निधि गोस्वामी, सेशराम, पीहू त्रिपाठी तथा एक अन्य बच्ची घायल हो गई।

> प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों वाहनों की भिड़ंत इतनी तेज थी कि उनके अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि सफारी के एयरबैग समय पर खुल जाने से उसमें सवार लोगों की जान बच गई और बड़ा हादसा टल गया।









# कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रम पांडेय सड़क हादसे में घायल

### रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर, बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम पांडेय रविवार देर रात दिल्ली जाते समय सड़क हादसे में घायल हो गए। दुर्घटना मुरादाबाद जनपद में उस समय हुई, जब वह रोडवेज बस से यात्रा कर रहे थे। बस में पीछे की सीट पर बैठे विक्रम पांडेय को टक्कर लगने के बाद सीट से नीचे गिरने के कारण गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद उन्हें मुरादाबाद के एक अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने बताया कि शुरुआती जांच में उनकी रीढ़ की हड्डी और कमर के हिस्से में फ्रैक्चर होने की बात सामने आई है। प्राथमिक उपचार के बाद



डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने बताया कि विक्रम पांडेय की तबीयत में सुधार है। उन्हें मुरादाबाद से बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार कराया जाएगा। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित सोमवार तड़के मुरादाबाद अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों से मुलाकात कर विक्रम पांडेय के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उपचार व्यवस्था का जायजा लिया। हादसे की खबर से हरदोई के राजनीतिक गलियारों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चिंता का माहौल है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हसन अहमद, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सिंह, ज्ञानू पाल, राम लोटन, प्रशांत कनौजिया, पीपी वर्मा, रोहित कुमार, असद सिद्दीकी, शैलेश सिंह, इरशाद अहमद और महताब समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विक्रम पांडेय के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई गई

### सपा कार्यालय में गोष्ठी, पूर्व राष्ट्रपति के आदर्शों पर चलने का आह्वान

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला कार्यालय पर सोमवार दोपहर 1:30 बजे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर 'मिसाइल मैन' के नाम से विख्यात डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ. कलाम को नमन करते हुए उनके बताए आदर्शों और मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के बाद एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए शराफत अली ने कहा कि डॉ. कलाम एक महान वैज्ञानिक होने के साथ-साथ युवाओं के लिए सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत थे। उनकी



सादगी और जनसेवा के कारण उन्हें 'जनता का राष्ट्रपति' कहा जाता था। शराफत अली ने बताया कि डॉ. कलाम का मानना था कि जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना, निरंतर ज्ञान अर्जित करना, कड़ी मेहनत करना और हर परिस्थिति में दृढ़ संकल्पित रहना ही महान जीवन की कुंजी है। उन्होंने देश के युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। डॉ. कलाम ने अपने जीवन का अंतिम लेक्चर भी युवाओं के बीच ही दिया था और अपनी अंतिम सांस तक देश की सेवा करते रहे।

## उन्नाव में मौत से पहले वीडियो बनाया, पिता बोले- बहू का अफेयर चल रहा था

# पत्नी से परेशान 28 साल का पति फंदे पर लटका

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में पत्नी और साले से परेशान युवक ने फंदे पर लटककर सुसाइड कर लिया। सुसाइड से पहले उसने 4 मिनट का एक वीडियो बनाया। इसमें उसने कहा- मेरी मौत की जिम्मेदार पत्नी और उसकी बुआ का लड़का है। इन लोगों ने मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी है। इतना कहने के बाद युवक ने टिनशेड की रॉड पर नायलॉन की रस्सी बांधी और फंदे पर झूल गया। घटना रविवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे सदर कोतवाली क्षेत्र में हुई। घटना के वक्त मृतक के माता-पिता घर के गेट के पास बैठे थे। थोड़ी देर बाद जब पिता किसी काम से अंदर आए, तो उन्होंने बेटे को फंदे से लटकता देखा। पास में ही टेबल पर रखे मोबाइल पर उनकी नजर पड़ी, जिसमें रिकॉर्डिंग चल रही थी। उन्होंने तुरंत कैमरा बंद किया और पुलिस को सूचना दी।



> मगरवारा चौकी प्रभारी रविशंकर पांडे का कहना है- शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। वायरल वीडियो, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पूरी घटना की हर कड़ी को जोड़कर आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।



### ससुरालवालों की प्रताड़ना से तंग आकर जान दी

वहीं, पिता सुनील ने कोतवाली में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि बहू रागिनी का उसके फुफेरे भाई सूरज राठौर के साथ अफेयर चल रहा था। उसका भाई रवि और बहन सोनी भी पवन को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी।

इसी प्रताड़ना से तंग आकर बेटे ने यह खौफनाक कदम उठाया।

### 'कहती थी- मर जाओगे तो लाश के ऊपर से गुजर जाऊंगी'

मृतक के चाचा संजय राठौर ने बताया कि बहू अक्सर पवन से झगड़ा करती थी और कहती थी, तुम मर जाओगे तो तुम्हारी लाश के ऊपर से गुजर जाऊंगी। ससुराल वालों के लगातार उत्पीड़न से तंग आकर ही उसने वीडियो में पत्नी और साले को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों ने पुलिस से मांग की है कि वायरल वीडियो और सबूतों के आधार पर सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देकर जेल भेजा जाए।

**कार्रवाई :** अतिक्रमण हटाने के लिए भवन स्वामियों को एक सप्ताह की आखिरी मोहलत

# पोनी रोड चौड़ीकरण को लेकर सख्ती

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव शहर की बहुप्रतीक्षित पोनी रोड चौड़ीकरण परियोजना को रफ्तार देने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग ने सड़क किनारे बने चबूतरे, छज्जे और अन्य अवैध निर्माण हटाने के लिए भवन स्वामियों को अंतिम बार एक सप्ताह का समय दिया है। पीडब्ल्यूडी ने साफ कर दिया है कि तय समय सीमा के बाद भारी पुलिस बल और जेसीबी मशीनों के साथ अभियान चलाकर बचे हुए अतिक्रमण हटाए जाएंगे। पोनी रोड चौड़ीकरण अभियान की शुरुआत पीडब्ल्यूडी ने 18 जुलाई को की थी। पहले चरण में करीब 550 मीटर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए लगभग तीन दर्जन मकानों के चबूतरे और अन्य अतिक्रमण हटाए गए थे। उस दौरान स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए विभाग ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भवन स्वामियों को खुद अतिक्रमण हटाने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी थी। अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे परियोजना में देरी हो रही है। पीडब्ल्यूडी का कहना है कि पोनी रोड चौड़ीकरण परियोजना शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सड़क चौड़ी होने से लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।




> एक्सईएन ने चेतावनी दी कि समय सीमा खत्म होने के बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो विभाग बिना अतिरिक्त सूचना दिए जेसीबी और पुलिस बल की मदद से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा। इससे भवन स्वामियों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। उन्होंने पोनी रोड तिराहे से अंदर की ओर रहने वाले लोगों से जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने की अपील की है।

### धीमी रफ्तार से हो रही कार्रवाई पर विभाग नाराज

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के मुताबिक, मोहलत मिलने के बाद भी अधिकांश लोगों ने अतिक्रमण हटाने में तेजी नहीं दिखाई है। कुछ भवन स्वामियों ने अपने स्तर से निर्माण हटा लिए हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग अभी भी विभाग के निर्देशों की अनदेखी कर रहे हैं।



### एक्सईएन बोले- अब नहीं होगी देरी

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) एचडी अहरवार ने बताया कि पोनी रोड पर विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में अब किसी भी तरह की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए भवन स्वामियों को अंतिम बार एक सप्ताह का समय दिया गया है। सभी लोग जनहित को देखते हुए खुद अपने अवैध निर्माण हटा लें।

# जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवन गिराने के प्रस्ताव का विरोध

### उन्नाव में सपा अल्पसंख्यक सभा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों को ध्वस्त किए जाने की प्रस्तावित कार्रवाई के विरोध में सोमवार को उन्नाव में समाजवादी पार्टी (अल्पसंख्यक सभा) ने प्रदर्शन किया। पार्टी पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह को सौंपकर कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष व विधिसम्मत समीक्षा कराने की मांग की। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष नियाज़ खान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा। ज्ञापन में कहा गया कि मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय हजारों छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और




स्थानीय लोगों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान है। ऐसे में किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई से पहले संविधान, कानून और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष नियाज़ खान ने कहा कि जिस गांव में विश्वविद्यालय का निर्माण किया गया था, उस समय वह क्षेत्र किसी विकास प्राधिकरण के अधीन नहीं था। उस दौरान उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 के तहत निर्माण अनुमति की आवश्यकता भी नहीं थी। उनका दावा है कि बाद में इस क्षेत्र को विकास प्राधिकरण के दायरे में शामिल किया गया, जबकि विश्वविद्यालय का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका था। ज्ञापन में कहा गया कि यदि भूमि या निर्माण से संबंधित किसी प्रकार की अनियमितता है तो उसका समाधान कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाना चाहिए। सरकार चाहे तो नियमानुसार जुर्माना या अन्य वैधानिक कार्रवाई कर सकती है, सपा नेताओं ने कहा कि मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसलिए किसी भी निर्णय से पहले छात्रों के हित, शिक्षा व्यवस्था और स्थानीय जनसामान्य पर पड़ने वाले प्रभाव का गंभीरता से आकलन किया जाना चाहिए।

# दादा-दादी, नाती-पोते को ट्रक ने रौंदा, चारों की मौत

## संतकबीर नगर में घर के बाहर बैठे थे, 60 की स्पीड में ट्रक कुचलता चला गया

घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

संतकबीर नगर। यूपी के संतकबीरनगर में सोमवार सुबह एक परिवार के 4 लोगों को ट्रक ने रौंद दिया। ये सभी घर के बाहर बैठे हुए थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक आया। चारपाई पर बैठे दादा-दादी, नाती और पोते को रौंदता हुआ घर में घुस गया। ट्रक की रफ्तार करीब 60 किमी थी। ऐसे में किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक हटवाकर दबे हुए शवों को बाहर निकाला। हादसा सुबह 5:30 बजे बस्ती-खलीलाबाद हाइवे पर जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर हुआ ।


लालजी


आदर्श


ज्ञानमती



इसमें लालजी (62), उनकी पत्नी ज्ञानमती (60), पोते आदर्श (12) और नाती सत्यम (6) की मौत हो गई। शुरुआती जांच में हादसे की वजह ड्राइवर को झपकी आना माना जा रहा है। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर और खलासी मौके से फरार हो गए।

खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के कुर्थिया चौराहे के पास हाईवे के किनारे लालजी पुत्र गनपत का दो कमरे का मकान है। मकान में आगे की ओर टीनशेड लगा रखा है। परिवार में पत्नी ज्ञानमती के अलावा बेटा अनिल, बहू लक्ष्मी और पोता आदर्श था। बड़ी बेटी प्रेमलता की शादी राजेश निवासी पकरी आराजी, थाना दुधारा के साथ हुई है। अनिल शहर में ही एक प्राइवेट हॉस्पिटल की गाड़ी चलाते हैं। लालजी लंबे समय पैरालाइज हैं। वो चल फिर नहीं सकते। लिहाजा टीनशेड के नीचे चारपाई पर ही लेटे रहते थे। रविवार की शाम को उनकी बेटी प्रेमलता उन्हें देखने अपने बेटे सत्यम के साथ पहुंची थी। प्रेमलता ने रोते हुए बताया- सुबह मम्मी-पापा चारपाई पर बैठे थे। अंदर कमरे में सो रहा भतीजा आदर्श और बेटा सत्यम भी उठकर बाहर आ गया। दोनों मेरा चारपाई पर लेटकर मोबाइल देखने लगे। इस बीच ट्रक ने सभी को रौंद दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर एडिशनल एसपी, सीओ, कोतवाल और ट्रैफिक इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एंबुलेंस से शवों को जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी भिजवाया। ट्रक को क्रेन से निकलवाकर कब्जे में ले लिया है। ट्रक मुरादाबाद के नंबर पर

### परिवार बोला- लाश के बदले लाश चाहिए

प्रेमलता ने बताया- मैं घर के पास ही हैंडपंप पर पानी लेने गई थी। तभी हादसा हो गया। पापा की शव के टुकड़े जमीन से चिपक गए। ट्रक ड्राइवर नशे में था।

सुबह-सुबह शराब पीकर कौन गाड़ी चलाता है। उसने मेरे परिवार को मारा है। वो हत्यारा है। मुझे मेरे बच्चों की लाश के बदले उसकी लाश चाहिए। गाड़ी के मालिक को मौके पर बुलाया जाए।



- बीमार पिता लालजी को देखने आई बेटी प्रेमलता के बेटे सत्यम की हादसे में जान चली गई। प्रेमलता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।
- ट्रक को पुलिस ने क्रेन की मदद से बाहर निकाला और कब्जे में ले लिया।
- प्रेमलता ने रोते हुए बताया कि ट्रक चालक ने मेरे परिवार को मारा है, उसे फांसी की सजा होनी चाहिए।

# महिला पीसीएस अफसर को ऑफिस में घुसकर धमकी दी

## बोला- मेरे पक्ष में फैसला नहीं किया, तो प्रयागराज में रहने नहीं देंगे

तमसा संकेत, एजेंसी



एडिशनल कमिश्नर जयजीत कौर

प्रयागराज। प्रयागराज में एडिशनल कमिश्नर जयजीत कौर से उनके ऑफिस में घुसकर गाली-गलौज करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। एडिशनल कमिश्नर का आरोप है कि उनके ऑफिस में एक युवक अपने साथियों के साथ घुस आया। उसने धमकी दी कि अगर मेरे पक्ष में फैसला नहीं किया, तो प्रयागराज में रहने नहीं देंगे। बात नहीं मानने पर अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। कर्नलगंज पुलिस ने सोमवार सुबह एक नामजद और 10-12 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की है। जयजीत कौर प्रयागराज में एडिशनल कमिश्नर (न्यायिक) के पद पर तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को बताया- मेरा ऑफिस कमिश्नर ऑफिस परिसर में है। 17 जुलाई की सुबह करीब 11 बजे हंडिया में रहने वाला पवन कुमार विश्वकर्मा अपने 10-12 साथियों के साथ मेरे ऑफिस आया। वह मुझसे एक विचाराधीन मामले में अपने पक्ष में फैसला देने की बात कहने लगा।

इस पर मैंने कहा कि किसी भी वाद का निस्तारण केवल गुण-दोष और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर किया जाएगा। यह सुनकर पवन और उसके साथी भड़क गए। उन्होंने मुझसे गाली-गलौज की और देख लेने की धमकी दी। यही नहीं, पवन और उसके साथियों ने कमिश्नर ऑफिस परिसर में नारेबाजी भी की। इससे कुछ समय के लिए सरकार कामकाज प्रभावित हुआ।

फास्ट न्यूज

### महिला ने चाकू से खुद का गला काटा

नरवल। कानपुर में ससुराल वालों से परेशान होकर महिला ने चाकू से खुद का गला काट लिया। खून से लथपथ होकर तड़पती रही। रविवार सुबह 4 बजे परिवार के लोगों ने गंभीर हालत में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रुखसाना (33) की देर रात करीब 12 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

### बस ने बाइक को मारी टक्कर, किशोर की मौत

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में अयोध्या-प्रयागराज हाइवे बाईपास पर सोमवार को लगभग 3 :30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नकराही गांव के पास एक स्कूल बस ने बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भोंएं गांव निवासी 12 वर्षीय दिवस पुत्र लालजी के रूप में हुई है। हादसे में घायल 22 वर्षीय अर्जुन पुत्र रतिपाल को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर से गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

### बाराबंकी में प्रेमी युगल ने 5 घंटे के अंतराल में दी जान

बाराबंकी। बाराबंकी में सोमवार सुबह प्रेमी और उसकी नाबालिग प्रेमिका ने फंदा लगाकर जान दे दी। दोनों ने करीब 5 घंटे के भीतर अलग-अलग जगह आत्महत्या की।

एक दिन पहले दोनों मुंबई भागने के लिए घर से निकले थे, लेकिन पुलिस और रेलवे अधिकारियों की सूचना पर घरवाले समझा-बुझाकर उन्हें वापस घर ले आए थे। सोमवार सुबह लड़का घर से लापता हो गया।

# अतिक्रमण पर बुलडोजर चला तो युवती बेहोश हुई

## वनखंडेश्वर मंदिर के बाहर फूल-माला बेचती है

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में सावन शुरू होने से पहले नगर निगम ने शहर के प्रमुख शिव मंदिरों के आसपास विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया है। सोमवार को जोन-4 की टीम ने पीरोड स्थित बाबा वनखंडेश्वर मंदिर के आसपास कार्रवाई की। अभियान के दौरान फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण हटाया जा रहा था, इसी बीच मंदिर के बाहर फूल बेचने वाली एक युवती अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। यह देखकर मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। नगर निगम की टीम ने दुकानदारों और ठेला संचालकों को चेतावनी दी कि फुटपाथ पर दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से



संपन्न हो सके। नगर निगम का अतिक्रमण अभियान पीरोड से मोहम्मद अली पार्क तक चलाया गया। कार्रवाई के दौरान मंदिर के बाहर फूल बेचने वाली साधना सैनी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। यह देखकर मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसकी मदद की और उसे संभालकर घर पहुंचाया। लोगों ने बताया कि अतिक्रमण अभियान देखकर उसकी अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण वह बेहोश हुई थी।

## उन्नाव में शहीदों को श्रद्धांजलि, परिजनों को सम्मान राशि प्रदान की

# कारगिल विजय दिवस पर डीएम ने वीरांगनाओं को चेक सौंपे



तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में 27वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सोमवार दोपहर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में हुए इस समारोह में कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान शहीद स्मारक पर माल्यार्पण, दो मिनट का मौन, शहीद परिवारों का सम्मान और पौधरोपण जैसे आयोजन हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक पर जिलाधिकारी द्वारा माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करने से हुई। इसके बाद उपस्थित






अधिकारियों, पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों ने दो मिनट का मौन रखकर कारगिल के वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश सरकार की कारगिल शहीद परिवार पेंशन योजना के तहत जनपद के एकमात्र कारगिल शहीद लांस नायक अमर बहादुर सिंह की वीरांगना श्रीमती मिथलेश को ₹22,500 का चेक प्रदान किया। शहीद के माता-पिता मनमोहन सिंह एवं रामप्यारी को भी 15,000 की सम्मान राशि का चेक भेंट किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि देश शहीद सैनिकों के बलिदान को कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने शहीद परिवारों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और प्रशासन उनके कल्याण के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से किसी भी समस्या के समाधान के लिए सीधे प्रशासन से संपर्क करने का आग्रह किया। कारगिल विजय दिवस समारोह के उपलक्ष्य में शहीदों के सम्मान में सैनिकों और उनके परिवारों के साथ केक भी काटा गया। इस दौरान देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों के साहस और बलिदान को याद करते हुए सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने संदेश दिया कि शहीदों की स्मृति को सम्मान देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# डीएम ने मुड़िया पूर्णिमा मेला व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

## परिक्रमा मार्ग पर सुविधाओं का लिया जायजा

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मुड़िया पूर्णिमा मेला-2026 के दृष्टिगत गोवर्धन परिक्रमा मार्ग, सीसीटीवी कंट्रोल रूम एवं मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचकर श्रद्धालुओं, पर्यटकों, दर्शनार्थियों एवं परिक्रमार्थियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए की गई निगरानी व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद



श्रद्धालुओं की संख्या और भीड़ प्रबंधन की स्थिति की भी जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने पैदल परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, भंडारों की व्यवस्था, पार्किंग तथा प्रकाश व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## जेल में दोनों की दोस्ती हुई, चार महीने पहले छूटे, फिर 21 लाख की चोरी की

# रिटायर्ड प्लाटून कमांडर के घर चोरी करने वाले 2 अरेस्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

नपुर। कानपुर के हनुमंत विहार में पीएसी के रिटायर प्लाटून कमांडर के घर से 21 लाख की चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नजीराबाद के लोहारन भट्टा निवासी पवन उर्फ रवि चौरसिया व बाबूपुरवा निवासी राहुल कनौजिया के रूप में हुई है। नजीराबाद में 90 लाख की चोरी के मामले में आरोपी जेल गए थे। चार महीने पहले ही दोनों जेल से छूटे थे, जेल में ही दोनों की दोस्ती हुई थी। चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे जेवर और नकदी पार कर ले गए। उन्होंने बताया था कि दूसरी मंजिल पर सो रहा नाती काफी देर तक नहीं जागा।



### चोरी के बाद तौलिया छोड़ गए थे आरोपी

आरोपियों ने उनकी पत्नी कलावती, बड़ी बहू पिंकी, छोटी बहू ममता और बेटी ममता के करीब 19.50 लाख कीमत के जेवरात और 1.20 लाख कैश पार कर दिया था।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले जिसमें दोनों आरोपी तौलिया ओढ़कर वारदात को अंजाम देते हुए कैद हो गए थे। चोरी के दौरान एक आरोपी की तौलिया घटनास्थल में ही छूट गई थी।

### 24 जुलाई को वारदात को दिया था अंजाम

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने सोमवार दोपहर 2:30 बजे घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बख्तौरीपुरवा निवासी फूल सिंह पीएसी से प्लाटून कमांडर पद से रिटायर हैं। 24 जुलाई को बहू मकान के पीछे स्थित प्लॉट में बंधे पशुओं की देखरेख के लिए गई थी। इस दौरान मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था।



### नजीराबाद में 90 लाख की चोरी में जेल गए थे

डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी बंद घरों की रेकी कर उन्हें निशाना बनाते थे। आरोपी पवन के खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट में 9 व राहुल कनौजिया पर 16 मुकदमे दर्ज है आरोपी चार महीने पहले नजीराबाद इलाके में 90 लाख की चोरी करने के मामले में जेल गए थे। नजीराबाद में चोरी के दौरान उन्हें कारतूस से भरा बैग व एक पिस्टल बरामद हुई थी। जिससे उन्होंने फायरिंग भी की थी, गोली टेंपो में गोली लगने से भगदड़ मच गई थी।

वारदात : गाजियाबाद में बच्चा संभालने के लिए रखा था, पहले दिन ही की चोरी

# नौकरानी ने 5 सेकेंड में चुराया आईफोन

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में नौकरानी ने घर में रखा आई-फोन चोरी कर लिया। महज 5 सेकेंड में उसने टेबल से आईफोन उठाया और अपने कपड़ों में छिपा लिया। मालिक ने पूछा तो कहा कि मुझे कुछ नहीं पता। फिर मालिक पर ही भड़क गई। फिर वहां से चली गई। मालिक ने घर में काफी ढूंढा, लेकिन फोन नहीं मिला। बाद में उन्होंने CCTV चेक किए। इसमें नौकरानी फोन चोरी करते नजर आई।

मालिक ने CCTV के साथ पुलिस को FIR के लिए शिकायत दी। फोन की कीमत करीब एक लाख 40 हजार रुपए है।

पूरा मामला क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके की पैरामाउंट सिम्फनी सोसाइटी का है। घटना रविवार

**नितिन कुमार ने बताया- मेरा 10वीं फ्लोर पर फ्लैट है। मैं और मेरी पत्नी अक्सर अपने काम से बाहर भी चले जाते हैं। अचानक मुझे मेड की जरूरत थी। मैंने सोसाइटी के गेट पर लिखवाया था कि हमें मेड की जरूरत है। नौकरानी रखने के लिए सोसाइटी के पदाधिकारी से संपर्क किया जाता है। यही मेड रखने की प्रक्रिया है।**





शाम 4:31 बजे की है। CCTV सोमवार को सामने आया। आरोपी नौकरानी का नाम पूजा (32) है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना प्रभारी श्वेता सिंह का कहना है- आई-फोन चोरी करने की शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

सीसीटीवी फुटेज भी दिया गया है। नितिन कुमार, पत्नी शिल्पा यादव के साथ पैरामाउंट सिम्फनी सोसाइटी में रहते हैं। दोनों का 1 साल का बेटा है। नितिन मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर हैं। शिल्पा भी जॉब करती हैं। बेटे की देखभाल के लिए उन्होंने रजनी नाम की मेड लगा रखी थी।

रजनी 4-5 दिन की छुट्टी पर गई थी। ऐसे में नितिन ने सोसाइटी में ही काम करने वाली पूनम उर्फ पूजा को अस्थायी तौर पर बेटे की देखरेख के लिए रख लिया था। क्योंकि, पूजा आसपास के फ्लैट में काम करती थी, इसलिए उन्होंने ज्यादा जांच पड़ताल नहीं की।

इसके बाद एक व्यक्ति ने संपर्क किया था। लेकिन, पूजा नाम की मेड ने पहले ही दिन आई फोन चुरा लिया। सीसीटीवी फुटेज की वजह से पूरी सच्चाई सामने आ गई। अगर सीसीटीवी ना होता तो लोग यकीन भी नहीं करते। मेरा 1 साल का बेटा है।

### 10 मिनट के लिए नीचे गए तो आई-फोन चुराया

नितिन रविवार को 10 मिनट के लिए फ्लैट से बाहर गए थे। वापस आए तो उन्हें अपना आईफोन नहीं मिल रहा था। काफी देर तक तलाशते रहे। फिर उन्होंने पूजा से पूछा। उसने जवाब दिया- साहब हमें कोई फोन नहीं मिला। बाद में नितिन ने घर में लगे CCTV चेक किए तो पूजा की पोल खुल गई। नितिन की पत्नी शिल्पा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि रविवार को पूनम पहली बार फ्लैट पर काम करने आई थी।

# अमरनाथ गर्ल्स कॉलेज में 'कैच द रेन-2026' अभियान का समापन

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में आयोजित 'कैच द रेन-2026' के सात दिवसीय विशेष अभियान का गुरुवार को समापन हो गया। 21 से 26 जुलाई तक चले अभियान के दौरान जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, जनजागरूकता रैली, जल संचयन कार्यशाला तथा वर्षा जल संरक्षण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की मुख्य समन्वयक डॉ. पूनम तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मादक पदार्थों का बढ़ता प्रयोग



और पर्यावरण प्रदूषण आज देश के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों से समाज और राष्ट्रहित में सकारात्मक बदलाव की अपेक्षा है। साथ ही भूजल स्तर में लगातार हो रही गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए छात्राओं से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीता तिवारी ने मुख्य अतिथि डॉ. पूनम तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.के. मिश्रा का स्मृति चिह्न एवं पटका भेंट कर स्वागत किया।

बी.आर. आंबेडकर विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहायक समन्वयक डॉ. एस.के. मिश्रा ने कहा कि वर्षा जल का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि वर्षा जल का प्रभावी संचयन किया जाए तो जल संकट को काफी हद तक दूर किया जा सकता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।

समापन समारोह में सात दिवसीय अभियान के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोरमा कौशिक ने किया, जबकि संयोजन दामोदर घोष एवं शायमा मुस्तफा ने किया।

कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के मुख्य समन्वयक डॉ. निर्मल वर्मा ने बताया कि अभियान में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विश्वविद्यालय व राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किए गए।

# आगरा दौरे पर सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को किया मजबूत, जनप्रतिनिधियों से लेकर मंडल स्तर तक संवाद

**मुलाकात**

**342 करोड़ की विकास परियोजनाओं की दी सौगात**

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में दो दिवसीय दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका उत्साह बढ़ा गए। 342 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात तो दी ही, भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भी भरा। बड़े से लेकर छोटे नेताओं तक से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और आम लोगों के बीच अपनी पकड़ को और मजबूत करने का प्रयास किया। जनप्रतिनिधियों से लेकर छोटे कार्यकर्ताओं, सामाजिक व कारोबारी संगठनों से मुलाकात कर उन्होंने उनके साथ खूब तस्वीरें भी खिंचवाईं। इसे मुख्यमंत्री की बदली हुई रणनीति और विधानसभा चुनाव से पहले सभी को एकजुट करने की पहल के तौर पर देखा जा रहा है।



सीएम से मिलकर कार्यकर्ता भी उत्साहित दिख रहे हैं। दरअसल, अगले 5 से 6 महीने में यूपी में विधानसभा चुनाव होना है। पिछले दो विधानसभा चुनावों में भाजपा ने आगरा में रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। भाजपा प्रत्याशियों को आगरा के वोटरों ने जबरदस्त समर्थन दिया। जिले की सभी 9 सीटों पर जीत मिली। 2017 के चुनाव में तो 3 प्रत्याशियों को 50% से अधिक वोट मिले। किसी भी प्रत्याशी को 40% से कम वोट नहीं मिले। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने 2017 के परिणाम को रिपीट कर सभी सीटों को बरकरार रखा। अधिकारियों के साथ बैठक कर वे सीधे अपनी अगली मंजिल की ओर रवाना हो जाते थे। मगर, अब वे मंडल स्तर तक के भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधे मुलाकात कर रहे हैं।

25 जुलाई को फतेहाबाद रोड स्थित टाटा मैदान आयोजित सभा से पहले पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ-साथ मंडल अध्यक्ष भी उनके स्वागत को हेलीपैड तक पहुंचे थे। सीएम ने न सिर्फ अभिवादन स्वीकार कर इनका उत्साहवर्धन किया था बल्कि उनसे बातचीत कर उनमें जोश भी भरने का काम किया।

25 जुलाई को अधिकारियों के साथ मीटिंग के बाद देर रात तक सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्षों से भी मिले।

26 जुलाई की सुबह सर्किट हाउस में पूर्व पदाधिकारियों और कुछ पार्षदों से भी मिले थे।

26 जुलाई को सर्किट हाउस में

- सीएम योगी आदित्यनाथ आगरा में पूर्व महानगर अध्यक्ष भानु महाजन के आवास पर भी पहुंचे थे।
- हेलीपैड पर पूर्व विधायक चौधरी उदयभान सिंह से बातचीत करते सीएम योगी।

### पहले जनप्रतिनिधियों से मिलते थे सीएम, अब कार्यकताओं से मुलाकात

पार्टी के पदाधिकारियों के साथ-साथ पूर्व पदाधिकारियों और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर रहे हैं। अगले साल होने वाले विधानसभा को देखते हुए सभी से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की अपील की। इससे पहले CM योगी जब भी आगरा आए तो उन्होंने सिर्फ जनप्रतिनिधियों से ही मुलाकात की थी।

कारोबारियों से भी उन्होंने मुलाकात कर आगरा के संबंध में चर्चा की थी। 26 जुलाई को पूर्व महानगर अध्यक्ष भानु महाजन के आवास पर पहुंचकर उनके पिता व पूर्व महानगर अध्यक्ष अनिल महाजन के निधन पर शोक संवेदना भी व्यक्त की थी।



### सीएम योगी अभी से सक्रिय हुए

*ऐसे में भाजपा ब्रज में अपनी पकड़ को कमजोर नहीं होने देना चाहती। पिछले दो चुनावों की तरह से 2027 में भी ब्रज में प्रचंड जीत के साथ भाजपा प्रदेश में एक बार फिर से सत्ता पर काबिज होना चाहती है। ऐसे में सीएम योगी ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। चुनाव नजदीक देख वे सिर्फ अधिकारियों के साथ मीटिंग करने या जनसभा तक ही सीमित नहीं रहे।*

# मुरादाबाद के सरकारी स्कूलों में घट रहे छात्र

## स्कूल चलो अभियान के बावजूद एडमिशन में गिरावट

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद। मुरादाबाद जिले के परिषदीय विद्यालयों में छात्रों के नामांकन में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों से करीब 46 हजार विद्यार्थी कम हुए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से हर साल चलाए जाने वाले 'स्कूल चलो अभियान' के बावजूद नामांकन में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो सकी है। चालू शैक्षणिक सत्र में भी नामांकन का ग्राफ नीचे रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष 30 सितंबर तक जिले के परिषदीय विद्यालयों में 1.57 लाख विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था, जबकि इस वर्ष अब तक करीब 1.51 लाख बच्चों का ही प्रवेश हुआ है। यानी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग छह हजार कम और करीब तीन प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई




है। जिले के 1,408 परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने इस वर्ष भी दो चरणों में 'स्कूल चलो अभियान' चलाया। पहला चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल और दूसरा चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई तक आयोजित किया गया। अभियान के दौरान जागरूकता रैलियां निकाली गईं, अभिभावकों से घर-घर संपर्क किया गया और विद्यालय प्रबंध समितियों के सहयोग से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**फास्ट न्यूज**

### गोवर्धन में बंदर के हमले से मासूम घायल

मथुरा। गोवर्धन में परिक्रमा करने आए मध्य प्रदेश के 7 वर्षीय बच्चे वरुण को एक बंदर ने हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद परिजनों को बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोवर्धन ले जाना पड़ा, जहां काफी मशक्कत के बाद उसे रेबीज का टीका लगाया जा सका। मध्य प्रदेश के बारां जिले के निवासी मनमोहन का पुत्र वरुण अपनी मां और दादी के साथ गोवर्धन परिक्रमा के लिए आया था। परिक्रमा मार्ग में एक हिंसक बंदर ने मासूम वरुण पर हमला कर उसे काट लिया।

### ताजमहल पर बंदर ने कोरिया की पर्यटक को काटा

आगरा। आगरा में ताजमहल पर एक बंदर ने कोरिया की महिला पर्यटक पर हमला कर दिया। बंदर ने पर्यटक के हाथ में काट लिया। उसके हाथ से खून की धारा बह निकली। करीब एक घंटे तक पर्यटक को एंबुलेंस नहीं मिली। वह दर्द से तड़पती रही। तब महिला के साथी ने वहां पर मौजूद लोगों से पूछा कि व्हेयर वी गो? इसके बाद घायल महिला पर्यटक को ताजमहल में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार किया गया। एंबुलेंस नहीं आने पर पर्यटक को बैटरी कार बुलाकर शांति मांगलिक अस्पताल भेजा गया।

### नकली सोने की चेन दिखाकर ठगने वाला गिरफ्तार

आगरा। आगरा में टप्पेबाजी कर नकली सोने की चेन देकर 1 लाख की ठगी करने वाले आरोपी को रकाबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से नकदी व नकली आभूषण बरामद किए हैं। जहां एक अज्ञात व्यक्ति उससे मिला। लालच में आकर वादी ने आरोपी को 1 लाख दे दिए और चेन लेकर घर लौट आया। बाद में जब उसने चेन सुनार को दिखाई तो पता चला कि वह नकली है।

# मुख्यमंत्री के 18 से 20 घंटे बिजली आपूर्ति के आदेशों को हवा में उडा रहे बिजली विभाग

## पानीगांव में बिजली कटौती और ट्रांसफार्मर की खराबी से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा..

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 से 20 घंटे विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन पानीगांव में लगातार हो रही बिजली कटौती और ट्रांसफार्मर की खराबी से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार शाम लक्ष्मीनगर मथुरा बिजलीघर फीडर से जुड़े पानीगांव के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई और एसडीओ व जेई के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पिछले करीब छह माह से विधुत ट्रांसफार्मर की खराबी और मनमाने ढंग से लगातार बिजली कटौती की जा रही है। उमस भरी भीषण गर्मी में बिजली न आने के कारण लोगों को रातभर छतों पर बैठकर रात गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है।



- उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ लगाए मुर्दाबाद के नारे।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार टोल फ्री नंबर 1912 और संबंधित विद्युत अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।

स्थानीय ग्रामीण सतीश चंद्र और राजवीर सिंह ने बताया कि लंबे समय से गांव में बिजली आपूर्ति व्यवस्था खराब बनी हुई है। आए दिन बिजली कटौती के साथ ही समय-समय पर ट्रांसफॉर्मर में खराबी आने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बिजली बिलों में बढ़ोतरी को लेकर भी नाराजगी जताई।

ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर मुख्यमंत्री द्वारा गांवों में 18 से 20 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं, वहीं दूसरी ओर पानीगांव में रात के समय अधिकांश घरों में अंधेरा छाया रहता है। शिकायत करने के लिए अधिकारियों को फोन किया जाता है तो कई बार फोन नहीं उठाया जाता और फोन उठने पर भी समस्या का समाधान नहीं होता।

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने एकजुट होकर विद्युत विभाग के खिलाफ विरोध जताते हुए जल्द से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# गौ रक्षक दल ने निकाला पैदल मार्च

## गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़। गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने, गौ रक्षकों को कानूनी संरक्षण देने और गौ तस्करी के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग को लेकर सोमवार को गौ रक्षक दल ने अलीगढ़ में पैदल मार्च निकाला। कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। गौ रक्षक दल के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, गौ रक्षकों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करने और गौ तस्करी पर प्रभावी एवं कठोर कानून लागू करने की मांग की। गौ रक्षक दल के प्रतिनिधि सचिन राघव ने बताया कि आंदोलन चार चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहला चरण 27 अप्रैल को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर पूरा किया गया था,



जबकि सोमवार को दूसरा चरण संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि संत समाज के मार्गदर्शन में आंदोलन के तीसरे और चौथे चरण का भी आयोजन किया जाएगा। संगठन ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर आगे भी शांतिपूर्ण तरीके से अभियान जारी रहेगा।

### कलेक्ट्रेट पहुंचकर गौमाता का मुद्दा उठाया

दोपहर करीब एक बजे शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। गौ रक्षक दल अलीगढ़ के संस्थापक सचिन राघव ने बताया कि संगठन लंबे समय से गौ संरक्षण और गौवंश की सुरक्षा के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठा रहा है।

### सरकार से जल्द फैसले की मांग

ज्ञापन सौंपने के बाद संगठन ने बताया कि प्रशासन ने इसकी पावती दे दी है। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि जिलाधिकारी उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाएंगे।

संगठन ने कहा कि यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो आंदोलन के अगले चरणों को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

**संगठन ने ज्ञापन में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, गौ रक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और गौ तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कानून लागू करने की मांग की। सचिन राघव ने कहा कि गौमाता का देश की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं में विशेष महत्व है, इसलिए सरकार को इस विषय पर गंभीरता से निर्णय लेना चाहिए।**

## डॉग और बम स्क्वायड की टीम कर रही तलाशी, लाउडस्पीकर से की जा रही अपील

# मथुरा रेलवे स्टेशन पर मुड़िया मेले को लेकर हाई अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मुड़िया मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) संयुक्त रूप से डॉग स्क्वायड के साथ स्टेशन परिसर में सघन चेकिंग अभियान चला रही हैं।

सुबह करीब 7 बजे से स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, प्रवेश और निकास द्वारों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते की टीमें नियमित रूप से जांच कर रही हैं। पुलिस



यात्रियों और उनके सामान की भी गहन तलाशी ले रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

भीड़ अधिक होने के कारण कई ट्रेनों में धक्का-मुक्की की स्थिति भी देखने को मिल रही है।

> मुड़िया मेले के चलते मथुरा जंक्शन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आरपीएफ और जीआरपी के सैकड़ों जवान यात्रियों को सुरक्षित तरीके से ट्रेनों में चढ़ने और उतरने में मदद कर रहे हैं।

### यात्रियों के लिए विशेष इंतजाम

रेलवे प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्टेशन पर चिकित्सा शिविर लगाए हैं। यहां यात्रियों को निःशुल्क प्राथमिक उपचार और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा पेयजल, सहायता केंद्र और अतिरिक्त कर्मचारियों की भी व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने छह विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी और नियमित ट्रेनों पर भीड़ का दबाव कम होगा। रेलवे और पुलिस प्रशासन का लक्ष्य मेले के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा उपलब्ध कराना है।

### लाउडस्पीकर से की जा रही अपील

रेलवे पुलिस लगातार लाउडस्पीकर के माध्यम से श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने और ट्रेन में चढ़ते-उतरते समय जल्दबाजी या धक्का-मुक्की नहीं करने की अपील कर रही है, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

# वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय का 28वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

## रक्तदान शिविर व वृक्षारोपण सहित हुए विविध आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वेंक्टेश्वरा समूह का 28वां स्थापना दिवस सोमवार को उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर वृहद रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, यज्ञ-हवन, भंडारा, केक कटिंग समारोह तथा सांस्कृतिक एवं काव्य संध्या सहित विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी अवसर पर वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि का जन्मदिन भी मेरठ एवं गजरौला दोनों परिसरों में सेवा एवं सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, डॉ. मधु चतुर्वेदी, वित्त निदेशक सीए युवराज सिंह, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पांडेय,



डीन मेडिकल प्रभु एम.एच. तथा अन्य अतिथियों ने रक्तदान शिविर का फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर एवं वृक्षारोपण अभियान में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि ने कहा कि लगभग ढाई दशक पूर्व भगवान वेंक्टेश्वरा के नाम पर लगाया गया शिक्षा का यह छोटा-सा पौधा आज विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समाज के विश्वास के बल पर शिक्षा का विशाल वटवृक्ष बन चुका है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### पेपरलीक बिल...

नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों के प्रदर्शन और उन पर हुई पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। विपक्ष के सदस्यों ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की, जिसके चलते सदन की कार्यवाही को दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, संशोधन बिल देश के युवाओं का मुद्दा है। विपक्ष पहले दिन से चर्चा की मांग कर रहा था। लेकिन अब आप चर्चा नहीं होने दे रहे हैं। मैं कांग्रेस पार्टी से अनुरोध करता हूं कि कृपया अपनी साथियों को समझाएं। RJD सांसद मनोज कुमार झा ने 20 जुलाई से नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग के मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की है।

### 'समझौता टूटा...

जबकि दिल्ली और अन्य राज्यों में प्रदर्शन से जुड़े लोगों की निगरानी की जा रही है और उन्हें कथित तौर पर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में प्रदर्शनकारियों को लॉजिस्टिक सहायता देने वाले कई वॉलंटियर्स को भी हिरासत में लिया गया है। कॉकरोच जनता पार्टी ने मांग की है कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर तत्काल वापस ली जाएं, गिरफ्तार छात्रों को बिना शर्त रिहा किया जाए और भविष्य में दिल्ली पुलिस, केंद्रीय जांच एजेंसियों और बीजेपी-शासित राज्यों की पुलिस किसी भी प्रदर्शनकारी के खिलाफ नया मामला दर्ज न करे। पार्टी का कहना है कि यही पहले हुए समझौते की मूल भावना थी। मैं साफ करना चाहूंगा कि मेरा जो रोल है वो है इन्हें (सीजेपी) कानून के स्तर पर डिफेंड करना है। ये अपना अपना मूवमेंट अपने हिसाब से चलाएंगे। उसमें मेरी कोई भूमिका नहीं है। बस इतना है कि बीजेपी को हिंदू मुस्लिम नहीं करने देना है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इन मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की और समझौते का पालन सुनिश्चित नहीं किया, तो संगठन दोबारा बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू करने के लिए मजबूर होगा। फिलहाल सरकार या संबंधित एजेंसियों की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### सोनम वांगचुक...

सोनम वांगचुक ने कहा- कई लोग कहते रहे कि ऐसे शासन में गांधी जी का रास्ता काम नहीं करेगा, लेकिन मेरी समझ है कि यह रास्ता सरकार से ज्यादा जनता के दिल तक पहुंचता है। सरकार हमारी बात सुने या न सुने, लेकिन जनता जरूर सुनती है। मैंने गांधी जी के इस प्रयोग को सफल होते देखा है। इससे पहले हमने लद्दाख में भी उनके बताए रास्ते पर चलकर आंदोलन किया था। अब मुझे महसूस हुआ कि यह पूरे देश के स्तर पर भी उतना ही प्रभावी है। वांगचुक ने आगे कहा- मैं देशवासियों से कहना चाहता हूं कि बापू के दिखाए रास्ते पर चलें। इससे समाधान जरूर निकलता है। देर हो सकती है, लेकिन अंधेर नहीं होता। जरूरी नहीं कि पहली बार में ही सफलता मिल जाए, लेकिन लगातार प्रयास करने से सफलता जरूर मिलती है। हमें दूसरों को तकलीफ देने के बजाय खुद कठिनाइयों का सामना करना चाहिए। यही रास्ता सबसे कठोर दिल को भी पिघला सकता है। उन्होंने कहा- मैं देश के युवाओं को बधाई देना चाहता हूं। उन सभी लोगों का भी धन्यवाद, जिन्होंने इस आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाया। हमें समझना होगा कि अगर कोई समाधान निकला है तो वह हमारी ताकत, लाठी या पत्थर से नहीं, बल्कि शांति और संयम से निकला है। हमने खुद कष्ट सहा, इसलिए बात आगे बढ़ी। अगर हिंसा होती, तो मामला और बिगड़ सकता था। इसी वजह से मुझे शांतिपूर्ण आंदोलन को भी तय समय से पहले रोकना पड़ा।₹ शिक्षा मंत्री धमेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर वांगचुक ने कहा- मुझे पूरी उम्मीद है कि सिस्टम में सुधार होगा। यह सिर्फ एक शुरुआत है। संसद में बिल पर चर्चा हो रही है। इसके बाद जो भी सही हो, उस सिस्टम को अपनाया जाए। पूरी उम्मीद है कि सभी वादे निभाए जाएंगे। जिन्होंने शांति से प्रदर्शन किया, उन पर एक्शन नहीं होगा। जहां भी जनता सवाल करे, वहां के मंत्री और नेता को जवाब देना जरूरी है। डिस्चार्ज होने से पहले सोनम वांगचुक ने वीडियो जारी कर कहा- अब मेरी तबीयत पहले से काफी बेहतर है। मैं धीरे-धीरे खाना खा रहा हूं और शरीर में भी ताकत लौट रही है। जैसे स्विट्जरलैंड से लौटने के बाद अनशन शुरू करने से पहले राजघाट जाकर बापू को श्रद्धांजलि दी थी और फिर जंतर-मंतर पहुंचा था, उसी परंपरा को आज भी दोहराया जाएगा। इसके बाद मैं अपने घर लद्दाख के लिए रवाना हो जाऊंगा।देशभर से छोटे-बड़े, पास-दूर सभी लोगों ने एकजुट होकर इस मुहिम में अपनी आवाज मिलाई। सभी के सहयोग से यह आंदोलन सफल हुआ है और भविष्य में भी जनहित के मुद्दों पर इसी तरह मिलकर आवाज उठाई जाती रहेगी। यह सोनम वांगचुक का पहला अनशन नहीं था। इससे पहले उन्होंने मार्च 2024 में लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने, पूर्ण राज्य का दर्जा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की मांग को लेकर 21 दिन की भूख हड़ताल की थी। इसके बाद सितंबर 2024 में वे 'दिल्ली चलो पदयात्रा' लेकर निकले, लेकिन दिल्ली सीमा पर हिरासत में ले लिए गए। 2025 में लद्दाख में आंदोलन के दौरान हिंसा भड़कने के बाद प्रशासन ने उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत हिरासत में लिया था। बाद में मार्च 2026 में केंद्र सरकार ने NSA के तहत उनकी नजरबंदी का आदेश वापस ले लिया और उन्हें रिहा कर दिया। अब उन्होंने NEET पेपर लीक और परीक्षा सुधार की मांग को लेकर 26 दिन तक अनशन किया, जिसे सरकार से तीन प्रमुख मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने के बाद समाप्त किया।

### स्ट्रीट फाइटर हूं...

पार्टी ने कहा कि यह पूरी घटना बेहद शर्मनाक है और देश के युवाओं का घोर अपमान है। विपक्षी सांसदों ने चोर-चोर, पेपर चोर जैसे नारे भी लगाए। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि BJP सांसद प्रधान का ऐसे स्वागत कर रहे थे जैसे उन्होंने कोई बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की हो। उन्होंने लिखा- BJP को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या पेपर लीक, चरमराती शिक्षा व्यवस्था, छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने के बावजूद प्रधान का काम सराहनीय था? अगर नहीं, तो यह सम्मान किसलिए है? और अगर हां, तो क्या BJP देश के युवाओं और छात्रों को यही संदेश देना चाहती है? धर्मेंद्र प्रधान ने 25 जुलाई को इस्तीफे को लेकर X पर चिट्ठी पोस्ट की थी। दो पेज और 575 शब्दों में लिखी इस चिट्ठी में प्रधान ने बाकी बातों के साथ दो जगह युवाओं को भ्रमित करने की बात भी लिखी थी। उसी दिन राष्ट्रपति मुर्मू ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। इसके बाद प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का प्रभार दिया गया।

### राहुल गांधी ने...

उसमें केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के प्रभावित आंदोलन करते नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड में एक कविता के स्वर गूंज रहे हैं। यह कविता शिक्षा पारीक की है। केन-बेतवा लिंक परियोजना से छतरपुर के 24 गांवों का विस्थापन होना है। आठ गांव डूब क्षेत्र में हैं। 16 गांव पन्ना टाइगर रिजर्व में शामिल किए जाएंगे। डूब क्षेत्र वाले गांवों में ज्यादा विरोध है। ग्रामीण विकसित ग्राम में भूखंड और 5 लाख रुपए मुआवजा मांग रहे हैं, जबकि प्रशासन 12.50 लाख रुपए दे रहा है। स्थानीय ग्रामीण इसके विरोध में पानी के अंदर चिता आंदोलन कर रहे थे। कूपी गांव के बराना नदी घाट से आंदोलनकारियों को 20 जुलाई की सुबह प्रशासन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटा दिया था। प्रशासन का कहना था कि लगातार बारिश और प्रदर्शनकारियों की बिगड़ती तबीयत को देखते हुए कार्रवाई की गई। प्रदर्शन स्थल से हटाए जाने के बाद ग्रामीणों ने अब चूल्हाबंदी आंदोलन शुरू कर दिया है।

